अमर उजाला
amarujala.com
नई दिल्ली ▪ शुक्रवार, 6 मार्च 2020


# 21 मेट्रो स्टेशनों पर शुरू होंगी सेनेटरी नैपकिन वेंडिंग मशीन

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस

**माई सिटी रिपोर्टर**

**नोएडा।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर नोएडा मेट्रो रेल कॉरपोरेशन लिमिटेड (एनएमआरसी) के 21 स्टेशनों पर सेनेटरी नैपकिन वेंडिंग मशीन की शुरुआत होगी। साथ ही, एक्वा लाइन के सेक्टर-76 और परी चौक मेट्रो स्टेशनों का बतौर पिंक स्टेशन उद्घाटन भी होगा। एनएमआरसी की एमडी रितु माहेश्वरी इसका उद्घाटन रविवार को करेंगी। एनएमआरसी के अधिकारियों के मुताबिक , सभी 21 स्टेशनों पर सेनेटरी नैपकिन वेंडिंग मशीन लगा दी गई हैं। यहां महिलाओं को निशुल्क सेनेटरी नैपकिन मिलेगा। रविवार से इसकी शुरुआत होगी। इसके अलावा सेक्टर-76 और परी चौक स्टेशनों को पिंक स्टेशन के तौर पर शुरू कराया जाएगा। यहां केवल महिला स्टाफ काम करेंगी। अपवाद के तौर पर केवल पुरुष सुरक्षाकर्मी होंगे। पिंक स्टेशनों के पिलर को गुलाबी रंग से रंगा गया है, ताकि दूर से ही इसके पिंक स्टेशन होने का पता चल सके। अंदर तीन प्रकार के जोन बनाए गए हैं। इसमें एक कमरे में डायपर चेंजिंग, दूसरे बच्चों के लिए फीडिंग रूम और तीसरे कमरे में महिलाओं के लिए मेकअप आदि की भी व्यवस्था होगा।

नोएडा में सेक्टर-76 स्थित पिंक मेट्रो स्टेशन।

## अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर रविवार को एमडी रितु माहेश्वरी सेक्टर-76 मेट्रो स्टेशन पर करेंगी उद्घाटन

एनएमआरसी के अधिकारियों का कहना है कि दो स्टेशनों को बतौर पिंक स्टेशन शुरू कराने के बाद इसकी सफलता के आधार पर कुछ अन्य स्टेशनों को भी पिंक स्टेशन के तौर पर शुरू कराने की पहल की जाएगी।